अखंड भारत समाचार

पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए गुरुवार,19 फरवरी 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:01

विज्ञापन दें

विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 8708565733

राफेल पर कहां झुका फ्रांस, कहां दिखा रहा तेवर, सोर्स कोड, इंजन, SPECTRA वॉरफेयर, क्या है शर्तें, कहां बनी सहमति?

पेरिस/नई दिल्ली: फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इन दिनों नई दिल्ली में हैं और माना जा रहा है कि 114 राफेल फाइटर जेट को लेकर डील हो सकती है। लेकिन इससे पहले फ्रांसीसी अखबार L'Essentiel de l'Éco की एक रिपोर्ट में बड़ा दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत को राफेल लड़ाकू विमान के मुख्य इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और इसके बहुत मशहूर इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट, जिसमें SPECTRA डिफेंसिव एड्स पैकेज भी शामिल है, उसे कंट्रोल करने वाला सोर्स कोड नहीं दिया जाएगा। हालांकि क्या इसकी वजह से राफेल सौदे पर कोई असर पड़ेगा या नहीं, इसकी जानकारी नवभारत टाइम्स के पास नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट का सोर्स कोड नहीं मिलने का मतलब भारत की राफेल लड़ाकू विमान के ऑपरेशनल आजादी पर असर होगा। बगैर सोर्स कोड, भारतीय इंजीनियर विमान में भारतीय एडवांस सेंसर, अस्त्र जैसी भारतीय मिसाइलें नहीं लगा पाएंगे। इसके अलावा भविष्य में अपग्रेडेशन भी बगैर सोर्स कोड नहीं हो पाएगा। भारत को राफेल लड़ाकू विमान में हर बड़े बदलाव के लिए, उसमें भारतीय मिसाइल, रडार या कोई और एडवांस हथियार लगाने के लिए फ्रांस की तरफ देखना होगा।रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और फ्रांस के डील करने वाले अधिकारियों के बीच काफी ज्यादा माथापच्ची की जा रही है।

भारत में बदलाव की रफ्तार अद्भुत': AI समिट में बोले सुंदर पिचाई, चेन्नई में 15 अरब डॉलर के AI हब का एलान

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत की तेजी से बदलती तस्वीर पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत लौटना हमेशा खास होता है, क्योंकि हर दौरे में उन्हें देश में हो रहे बदलाव की रफ्तार और भी तेज नजर आती है। पिचाई ने कहा कि देशभर में टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवर्तन हो रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दे रहा है। AI हब के लिए 15 अरब डॉलर का एलान

अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए उन्होंने बताया कि जब वे आईआईटी खड़गपुर में पढ़ाई के दौरान विशाखापत्तनम से होकर गुजरते थे, तब वह एक साधारण तटीय शहर था। आज वही शहर वैश्विक AI हब के रूप में उभर रहा है।

पिचाई ने घोषणा करते हुए कहा कि गूगल वहां 15 अरब डॉलर के निवेश के तहत एक फुल-स्टैक AI हब स्थापित कर रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर और एक नया सबसी केबल गेटवे शामिल होगा। इस पहल से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश में AI क्षमताओं का विस्तार होगा।

डिजिटल डिवाइड को AI डिवाइड नहीं बनने देंगे'

समिट को संबोधित करते हुए पिचाई ने कहा कि डिजिटल खाई को AI खाई में बदलने नहीं दिया जा सकता। इसके लिए कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में निवेश जरूरी है

पिचाई ने स्वीकार किया कि AI कार्यक्षेत्र में बड़े बदलाव लाएगा। कुछ नौकरियां ऑटोमेट होंगी, कुछ भूमिकाएं बदलेंगी और कई नई करियर संभावनाएं जन्म लेंगी। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 20 साल पहले प्रोफेशनल YouTube क्रिएटर जैसी कोई अवधारणा नहीं थी, जबकि आज दुनिया भर में लाखों लोग इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

रूस-चीन ने ईरान के पास भेजा नौसेना जहाज, US हमले को रोकने में करेगा मदद?

रुस, चीन और ईरान ने मैरीटाइम सिक्योरिटी बेल्ट 2026 के तहत रणनीतिक होर्मूज स्ट्रेट क्षेत्र में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास के लिए अपने जहाज तैनात किए हैं . रुसी और ईरानी सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी. भू-राजनीतिक थिंक-टैंक ग्लोबल सर्विलांस ने इस कदम को "अचानक और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण" बताया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, रूस का युद्धपोत स्टोइकी संयुक्त अभ्यास से पहले ईरान के रणनीतिक बंदर अब्बास बंदरगाह पर पहुंच गया है. यह अभ्यास इस सप्ताह के अंत में ईरान की नौसेना के साथ शुरू होने वाला हैं. ये अभ्यास ओमान की खाड़ी और उत्तरी हिंद महासागर में होने की उम्मीद है। परमाणु कार्यक्रम पर चल रही बातचीत

18 फरवरी को रूसी रक्षा मंत्रालय और ईरानी सरकारी मीडिया के हवाले से बताया कि ईरान और रूस इस सप्ताह संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे इसी दौरान अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधि स्विट्जरलैंड में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत कर रहे हैं.

रूस की सेना ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें उसका युद्धपोत ईरान के एक बंदरगाह पर पहुंचता हुआ दिखाई दे रहा है. ग्लोबल सर्विलांस की रिपोर्ट के अनुसार, स्टोइकी युद्धपोत बुधवार सुबह ईरान के रणनीतिक नौसैनिक अड्डे बंदर अब्बास पहुंचा, जहां ईरान की नौसेना का मुख्य ठिकाना है.

US कर रहा ईरान पर हमले की प्लानिंग, रूस ने दे दी कड़े शब्दों में चेतावनी

ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्ध की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय हलचल तेज हो गईं हैं। खबर है कि अब रूस ने चेतावनी दे दी है कि ईरान पर हमले के बुरे परिणाम अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर होंगे। यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब हाल ही में ईरान और रूस ने ओमान सागर और उत्तरी हिंद महासागर में संयुक्त नौसेना अभ्यास की घोषणा की है। हालांकि, युद्ध को लेकर अमेरिका की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। रूसी न्यूज एजेंसी TASS के अनुसार, रूसी विदेश मंत्री सार्गेई लावरोव ने हाल ही में अल अरबिया टेलीविजन को इंटरव्यू दिया था। उस दौरान उन्होंने चेतावनी दी है कि ईरान पर नया हमला हुआ तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए बुरे परिणाम होंगे। हमले को लेकर उन्होंने कहा, 'इसके परिणाम बुरे होंगे।' उन्होंने कहा, 'पहले भी ईरान पर हमले हो चुके हैं और IAEA के देखरेख वाले परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया था।'

Sri Lanka vs Zimbabwe T20 WC Highlights: जिम्बाब्वे का विजयरथ जारी, अब मेजबान श्रीलंका को आखिरी ओवर में हराया

Sri Lanka vs Zimbabwe T20 World Cup 2026: आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के मैच नंबर-38 में गुरुवार (19 फरवरी) को श्रीलंका का सामना जिम्बाब्वे से हुआ. दोनों टीमों के बीच ग्रुप-बी का यह मुकाबला कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 6 विकेट से जीत हासिल की. जिम्बाब्वे को जीत के लिए 179 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने तीन गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया. जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट ने नाबाद 63 रन बनाए, जबकि कप्तान सिकंदर रजा के बल्ले से 45 रन निकले. जिम्बाब्वे अब सुपर-8 में भारत, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज का सामना करेगी. सिकंदर रजा को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया| तो क्रिकेट फैन्स इस मुकाबले से महज़ इतना ही| अब हम रुख करते हैं आज के तीसरे मैच की तरफ जो कनाडा और अफगानिस्तान के बीच चेन्नई में शुरू होने जा रहा है| आइये अब वहां होगी आपसे मुलाकात|

धुरंधर 2' से खफा यश भूल गए अपनी चाल? खुद शुरू किया था क्लैश का 'टॉक्सिक' खेल

इस साल के पहले बड़े फिल्मी क्लैश में अब पूरा एक महीना भी नहीं बचा है. 19 मार्च को ईद पर भिड़ने जा रहीं यश की 'टॉक्सिक' और रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' का माहौल गर्माने लगा है. हाल ही में सामने आया कि यश इस क्लैश से बहुत खुश नहीं हैं. उनका मानना है कि 19 मार्च की डेट 'टॉक्सिक' ने बहुत पहले अनाउंस कर दी थी. इसलिए जब 'धुरंधर 2' के मेकर्स ने इस डेट पर नजरें लगाईं तो कम से कम एक बार बात तो की ही जा सकती थी. यश की नाराजगी समझी भी जा सकती है. एक एम्बिशियस फिल्म के लिए उन्होंने डेढ़-दो साल पहले से तगड़ा प्लान बनाया और रिलीज के 4 महीने पहले 'धुरंधर 2' ने उसमें टांग फंसा दी. लेकिन अब नाराज नजर आ रहे यश और 'टॉक्सिक' के मेकर्स शायद ये भूल रहे हैं कि ये क्लैश वाला खेल पहले उन्होंने ही शुरू किया था..

Stock Market Crash: ये तीन कारण... अचानक शेयर बाजार हो गया क्रैश, सेंसेक्स 1100 अंक टूटा

शेयर बाजार एक बार फिर क्रैश (Stock Market Crash) नजर आ रहा है. सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को तेजी के साथ ग्रीन जोन में ओपन होने के बाद अचानक बाजार के दोनों इंडेक्स बुरी तरह बिखर गए. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स (BSE Sensex) तो देखते ही देखते 1100 अंकों का गोता लगा गया और गिरते हुए 83,000 के लेवल से नीचे लुढ़क गया, तो वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स (NSE Nifty) भी 330 अंक फिसल गया. शेयर मार्केट में शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई का सेंसेक्स अपने पिछले बंद 83,734 की तुलना में तेजी के साथ 83,969 के स्तर पर ओपन हुआ था और फिर कुछ देर ग्रीन जोन में कारोबार करने के बाद अचानक इसकी चाल बदल गई और शुरुआती तेजी, तेज गिरावट में तब्दील हो गई. खबर लिखे जाने तक Sensex 913 अंक फिसलकर 82,625 पर ट्रेड कर रहा .

BANGLADESH AIR SPACE BARRED: तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनते ही बांग्लादेश का भारतीय एयरलाइन के खिलाफ बड़ा फैसला, एयर स्पेस बंद

बांग्लादेश की तारिक रहमान सरकार ने बकाया भुगतान न चुकाने के कारण भारतीय बजट एयरलाइन स्पाइसजेट को अपने एयरस्पेस (हवाई क्षेत्र) के उपयोग से रोक दिया है. एयरस्पेस उपलब्ध न होने के चलते कोलकाता से गुवाहाटी और इम्फाल जाने वाली कुछ उड़ानों को अब लंबा रूट अपनाना पड़ रहा है. इससे उड़ान के समय और ऑपरेशनल लागत पर असर पड़ सकता है स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने गुरुवार (19 फरवरी) को कहा कि एयरलाइन संबंधित प्राधिकरणों के साथ नेविगेशन शुल्क समेत संचालन और प्रक्रियागत मुद्दों पर नियमित संवाद में है. उन्होंने इसे उद्योग से जुड़े सामान्य मुद्दे बताते हुए कहा कि जल्द समाधान की दिशा में रचनात्मक तरीके से काम किया जा रहा है और निर्धारित उड़ान सेवाएं नियमों के अनुसार जारी हैं.

बांग्लादेश का कितना और कबसे बकाया है? उन्होंने कहा कि सभी निर्धारित उड़ानें नियमों के मुताबिक संचालित की जा रही है. बता दें कि यात्रियों पर फिलहाल इसका सीधा असर नहीं पड़ा है. हालांकि एयरस्पेस बंद होने से कुछ उड़ानों को वैकल्पिक रूट से जाना पड़ रहा है. सूत्रों का कहना है कि बकाया राशि के भुगतान न होने के कारण यह कदम उठाया गया है. हालांकि बकाया की प्रकृति और राशि के बारे में तत्काल स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है. स्पाइसजेट का कहना है कि एयरलाइन संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क में है.

Reg.by Govt. Of India
OASIS WORLD RECORDS
EST.SINCE 2022
BHARAT BHUSHAN SAMMAN
BHARAT DHARMA RATNA AWARD
AKHAND BHARAT SAMMAN
DR. A.P.J. ABDUL KALAM AWARD
BHARAT LEADERSHIP SAMMAN
LIFETIME NATION SERVICE AWARD
BHARAT SHAURYA SAMMAN
UNIVERSAL PEACE AND SEVA AWARD
NOMINATE NOW
www.oasisworldrecords.com
NEW DELHI
26TH JULY 2026
8708565733

OASIS WORLD RECORDS AWARDS
NOMINATE NOW
BHARAT GLORY RATNA AWARD
NATIONAL GLORY AWARD
BHARTIYA RATNA AWARD
LOK SEVA RATNA AWARD
LIFETIME NATION SERVICE AWARD
NATIONAL EXCELLENCE AWARD
DR. A.P.J. ABDUL KALAM AWARD
UNIVERSAL PEACE & SEVA AWARD
BHARAT BHUSHAN SAMMAN
RASHTRA GAURAV SAMMAN
PARAM VIBHUSHAN SAMMAN
PARAM SEVA RATNA SAMMAN
BHARAT SEVA RATNA SAMMAN
LOK KALYAN RATNA SAMMAN
BHARAT SHAURYA SAMMAN
AKHAND BHARAT SAMMAN
www.oasisworldrecords.com
www.oasisnews.in
8708565733

ELEVATE YOUR BRAND
with the Best PR Agency in India.
360 DEGREE STRATEGIC MEDIA SOLUTIONS
PRESS RELEASES
PERSONAL INTERVIEWS
INTERNATIONAL MEDIA
PRESS CONFERENCES
PRINT MAGAZINES
TV PANELISTS
AWARD NOMINATIONS
GLOBAL SPEAKING
Visit Our Website
www.oasisnews.in
8708565733

लाल किले के पास संदिग्ध कार से फर्जी NIA अधिकारी गिरफ्तार, नाबालिग को नौकरी के बहाने लाया था दिल्ली

दिल्ली पुलिस की कोतवाली थाना टीम ने बुधवार को गश्त के दौरान लाल किले के पीछे दिल्ली चलो पार्क के निकट एक काली हुंडई सैंट्रो कार को संदिग्ध हालत में खड़ी पाई। जांच में कार में दो लोग मिले, जिनमें से एक पुलवामा (जम्मू-कश्मीर) निवासी मुदस्सर था और दूसरा एक नाबालिग लड़का था। पूछताछ में मुदस्सर ने खुद को NIA अधिकारी बताते हुए एक पहचान पत्र दिखाया, जो देखते ही संदिग्ध लगा। प्रारंभिक जांच से पता चला कि आरोपी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को दिल्ली में नौकरी दिलाने का लालच देकर ठग रहा था। उसने नाबालिग लड़के के परिवार को दिल्ली में नौकरी का वादा करके एडवांस पेमेंट लिया था और लड़के को दिल्ली लाया। आरोपी ने NIA अधिकारी बनकर फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल किया और लोगों को ठगने का काम शुरू किया था।